# भारी बारिश के चलते बंध बारैठा बांध ओवरफ्लो, पांच गेट खोले

## बांध के पांच गेट खोल दस हजार क्यूसेक पानी की निकासी, कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात



भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बंध बारैठा के पांच गेट खोलकर पानी की निकासी की।

- भरतपुर रियासत की ओर से करीब 132 वर्ष पूर्व 1892 में बनाया गया यह बांध बयाना के डांग क्षेत्र के बीहड़ों के बीच स्थित है

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** उपखंड व भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बंध बारैठा बांध के एक बार फिर से ओवरफ्लो होने पर गुरुवार को इस बांध के छह गेटों में से पांच गेटों को खोलकर दस हजार क्यूसेक प्रति सेकंड की स्पीड से पानी की निकासी की जा रही है।

भरतपुर रियासत की ओर से करीब 132 वर्ष पूर्व 1892 में बनाया गया यह बांध बयाना के डांग क्षेत्र के बीहड़ों के बीच स्थित है। इस बांध के एक बार फिर से उफान मारने पर गुरुवार को इस बांध के चार गेटों को 9-9 फीट खोलकर और एक गेट को 4 फीट खोलकर बांध में से ओवरफ्लो पानी की निकासी की जा रही है। यह पानी बांध से जुड़ी कुकंद नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे इस नदी के किनारे बसे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं और खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूब गई है।

जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता बने सिंह ने बताया कि आज सुबह से शाम तक बांध से करीब 700 एमसीएफटी पानी की निकासी की जा चुकी है जबकि बांध की कुल भराव क्षमता 1860 एमसीएफटी है, जो अभी स्थिर बनी हुई है। बीते 10 दिनों में इस बांध के तीसरी बार गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। ऐसा मौका बीते 4 दशक में पहली बार बताया गया है।

# पिता ने 12 साल की बेटी की चाकू से गला काटकर हत्या की

## घटना के बाद खुद ने ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की



मृतका विनीता।

- सुसाइड नोट में पिता ने खुद और बेटी के सुसाइड करने की बात लिखी है
- छोटी बेटी को लेकर मां नारनौल (हरियाणा) में अपने पीहर चली गई थी

**अलवर, (निसं)।** पिता ने चाकू से 12 साल की बेटी का गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की। मामला कोटपूतली-बहरोड जिले के बर्डोद में गुरुवार सुबह सात बजे का है। बच्ची अपने पिता और दादी के साथ रहती थी।

बहरोड सदर थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि बहरोड से सात किलोमीटर दूर बर्डोद गांव में नरेंद्र जाट (33) ने बेटी विनीता (12) की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद नरेंद्र ने घर के सामने ही ट्रक के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। ट्रक की स्पीड धीमे होने से वह बच गया। उसके सिर में हल्की चोट आई है। पुलिस टीम और डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची। जहां बच्ची का शव लहूलुहान हालत में चारपाई पर पड़ा मिला। नरेंद्र को इलाज के लिए बहरोड के सरकारी अस्पताल लेकर गए। पोस्टमॉर्टम के बाद बच्ची का शव मां को सौंप दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

बच्ची की मां सुमन (30) ने बताया कि मेरी 13 साल पहले बर्डोद निवासी नरेंद्र जाट के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद नरेंद्र मेरे चरित्र पर शक करते हुए मारपीट करता था। इस दौरान उसने कई बार मुझे घर से निकाल दिया। दो महीने पहले नरेंद्र ने एक बार फिर मुझसे मारपीट की। इसके बाद मैं छोटी बेटी वंशिका (6) को लेकर नारनौल (हरियाणा) में अपने पीहर चली गई। बड़ी बेटी विनीता का स्कूल होने के कारण वह बर्डोद में ही थी। वह छठी क्लास में पढ़ती थी। सुबह करीब सात बजे नरेंद्र ने विनीता की हत्या कर दी। इसके बाद उसने ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड की कोशिश की। नरेंद्र अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत सामान्य है।

थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि बेटी की हत्या करने और ट्रक के आगे कूदने से पहले नरेंद्र ने एक सुसाइड नोट लिखा था। इसमें उसने दोनों (खुद और बेटी) के सुसाइड करने की बात लिखी है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय बच्ची की दादी घर में ग्राउंड फ्लोर पर पानी भर रही थी। इस दौरान विनीता और उसका पिता नरेंद्र फर्स्ट फ्लोर पर थे। विनीता की हत्या के बाद नरेंद्र नीचे आया और ट्रक के आगे कूद गया। सुमन के पीहर चले जाने के बाद नरेंद्र की मां उसके घर पर रहने के लिए आई थी। इससे पहले वह नरेंद्र के घर से दो किलोमीटर दूर अपने दूसरे बेटे के पास रहती थी।

# पानी में फंसे 21 लोगों को रेस्क्यू किया



रेस्क्यू टीम ने ऑपरेशन चलाकर पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

- मोरोली बिछीया गांव में 13 एवं सांगोरी खिडौरा गांव में फंसे 8 ग्रामीणों को सुरक्षित रेस्क्यू किया
- कुछ लोग पशु चराने गए थे, जो लौटते समय बारिश से हुए जल भराव के बीच टापू पर ही फंस गए

**धौलपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र धौलपुर के बीछिया के गांव के पास डाबरीपुरा टापू पर बुधवार देर रात को 13 लोग फंस गए। सभी लोग पशु चराने के लिए गए हुए थे, जो लौटते समय बारिश की वजह से हुए जल भराव के बीच टापू पर ही फंस गए। रात करीब 10 बजे प्रशासन को लोगों की फंसने की सूचना मिली, जिसके बाद स्वयं धौलपुर एसडीएम डॉ. साधना शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंची, जिन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को रात को ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

मौके पर पहुंची एसडीएम डॉ. साधना शर्मा और कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम ने रस्सा डालकर टापू पर फंसे सभी लोगों को रात करीब साढ़े 12 बजे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

वहीं गुरुवार को सांगोरी खिडौरा गांव के टापू पर कुछ ग्रामीणों के फंसे होने की सूचना पर रेस्क्यू टीम प्रभारी 9 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ दोहपर घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से टापू बने मकान पर पहुंची उसके बाद टीम ने टापू बने मकान में फंसे आठ ग्रामीणों को लाइफ जैकेट पहनाकर मोटरबोट की सहायता से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# भरतपुर शहर की दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न




भरतपुर में भारी बरसात से कई जगह पर जल भराव हो गया।

**भरतपुर, (निसं)।** कई वर्षों के बाद भरतपुर के लोगों पर मानसून जमकर मेहरबान हुआ है, लेकिन पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश ने लोगों को परेशान करके रख दिया है। अब लोग भगवान से प्रार्थना करने लगे हैं कि जल्द से जल्द बारिश का दौर खत्म हो और उन्हें राहत मिले। शहर की ऐतिहासिक सुजानगंगा नहर अपनी सीमाओं से बाहर आकर मंसा मंदिर व गांधी पार्क तक पहुंची।

अबके बरस हो रही बारिश को देख लोगों का कहना है कि इतनी बारिश कई दशकों के बाद देखने को मिल रही है। भारी बारिश के चलते जिला कलेक्टर के द्वारा 12 व 14 सितम्बर तक कक्षा एक से कक्षा 12 के विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। शहर की दर्जनों कॉलोनियां जो पहले से ही जलमग्न थी अब उन कॉलोनियों में पानी लोगों के घरों में भी घुसने लगा है। शहर की एतिहासिक सुजानगंगा नहर ने तो अब तक के अपने सारे रिकार्ड तोड दिए हैं। किले की चारदीवारी में बहने वाली सुजानगंगा नहर अब चारदीवारी से बाहर आकर मंसा देवी मंदिर, गांधी पार्क तक पहुंच गई है। सुबह सवेरे मंदिर में देवी मां के दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पानी में उतरकर पूजा-अर्चना करनी पड़ी। सुजानगंगा नहर के आसपास की कॉलोनियों के लोग अब दहशत में आ गए हैं। लोगों की परेशानी को कम करने के लिए जिला कलेक्टर खुद जगह जगह जाकर हालातों का निरीक्षण कर रहे हैं।

# टायर फटने से कार पलटी, तीन की मौत, पांच घायल



हादसे में इको कार क्षतिग्रस्त हो गई।

- हरियाणा से कार में आठ जने तारानगर में मन्दिर में धोक लगाने आ रहे थे

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर क्षेत्र के गांव जिगसाना ताल में ईंट-भट्टा के पास ईको कार टायर फटने से पलट गई। हादसे में तीन जनों की मौत हो गई व पांच जने घायल हो गये। जानकारी के अनुसार हरियाणा से एक ईको कार में महिला, पुरुष व बच्चे सहित आठ जने सवार हो कर तारानगर में जोतराम मन्दिर में धोक लगाने के लिये आ रहे थे।

तारानगर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार करीब शाम 4:10 बजे थाने में ईको कार के दुर्घटना की सूचना मिली, सूचना पाकर थाने के एएसआई सुमेरसिंह मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। मौके पर ईको कार पलटी हुई मिली। गाड़ी के नीचे दो व्यक्ति दबे हुये मिले जिन्हें साथियों की साहता से बाहर निकाला एवं उप जिला अस्पताल भेजा, अन्य घायलों को क्षेत्र के ही निजी अस्पताल संजीवनी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलते ही डीएसपी मिनाक्षी भी मय जाप्ता के मौके पर पहुंची एवं दुर्घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया गया। पुलिस ने बताया कि कार में कुल सात व्यक्ति तथा एक छोटा बच्चा सवार थे। जिनमें इसवन्ती, सागर, प्रियांस, आशिष व नवीन आदि 8 लोग सवार थे जिसमें सत्यवान पुत्र चेतराम जाति प्रजापत उम्र 62 साल, नवीन पुत्र मेहर सिंह जाति जाट उम्र 50 साल, प्रियांस 2 साल 6 माह इन तीनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिनके शव उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाये गये हैं एवं ईशवन्ती की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेन्टर रैफर किया गया है। घायल सागर, पूजा, हैपी, आशिष आदि का संजीवनी अस्पताल में इलाज जारी है।

# रेल पटरियों पर हो रहे हादसे यह मानवता का कत्लेआम हैं : मनजीत सिंह बिट्टा

## रेल पटरियों के हादसे पर एंटी टेरेरिस्ट अध्यक्ष मनजीत सिंह बिट्टा का बयान

**जोधपुर, (कासं)।** एंटी टेरेरिस्ट अध्यक्ष मनजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि रेल पटरियों पर हो रहे हादसे यह मानवता का कत्ले आम है। जब ऐसे लोग पकड़े जाते हैं तो धर्म के नाम पर राजनीति होती है। भारत मां की पीठ में छुरा घोंपने के समान है। बिट्टा गुरुवार को जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद वे रामदेवरा मंदिर दर्शनार्थ को जाएंगे।

बिट्टा ने पूर्व में पंजाब के हालात पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले बेअंतसिंह के बेटे को एमपी बना दिया जाता है। अमृतपाल देश विरोधी नारे देने वाला उसको भी लोग एमपी बना देते हैं। देश को धर्मशाला बनाया जा रहा है। हम भारतीय हैं और क्यों धर्म के नाम पर बंटे हैं, खुद को भारतीय कहलाने शर्म क्यों आती है। बिट्टा ने कहा कि देश के कण-कण और प्रति व्यक्ति में राष्ट्र भावना आ जाएगी तो यह घटनाएं हो ही नहीं सकती है। पॉलिटिकल के लोग उन चीजों से दूर जा चुके हैं। हम आज अपने तक सीमित रह गए हैं। आज हर कोई एमपी-एमएलए और मेयर बनने की सोचता है मगर राष्ट्र कहां गया या भारत मां कहां गई यह कोई नहीं सोचता है। भारत मां के साथ धोखा नहीं करना और ना ही मानवता का कत्ले आम करना है।

रामदेवरा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के सवाल पर बिट्टा ने कहा कि बाबा को कोई बम से उड़ा सकता है, उससे पहले मैं उसके चिथड़े-चिथड़े ना कर दूं। कोई हमारे भगवान को कुछ भी बोल देगा क्या। उन्होंने खुली चेतावनी दी कि उनके फेसबुक पर कोई धमकी देकर देखें, वहीं जाकर उसके चिथड़े- चिथड़े कर दूंगा।

# नशे में बोलेरो चला रहे शराब तस्कर ने उत्पात मचाया



आबकारी पुलिस को बोलेरो की जांच में अवैध शराब मिली।

- टक्कर के बाद शराब से भरी बोलेरो पलटी, शराब की पेटियां जब्त, शराब तस्कर गिरफ्तार

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है और शराब तस्कर खुलेआम उत्पात मचा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार देर रात खुनखुना थाना क्षेत्र में अवैध शराब से भरी एक बोलेरो गाड़ी के चालक ने जमकर उत्पात मचाया और कई मवेशियों और एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसके बाद शराब से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस मामले में आबकारी पुलिस और खुनखुना थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।

कल रात अवैध शराब से भरी एक बोलेरो गाड़ी बालिया गांव से खुनखुना गांव की ओर जारी थी। इसी दौरान बोलेरो के चालक ने गाड़ी को तेज गति से चलाते हुए सोहन सिंह नाम के एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। वहीं रास्ते में खड़े गौवंश को भी टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी का चालक आशुसिंह शराब के नशे में था। इसकी वजह से वह गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख पाया। सूचना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस व आबकारी विभाग को सूचित किया। इस पर आबकारी पुलिस ने बोलेरो की जांच की तो उसमें अवैध शराब पाई गई। इस पर आबकारी विभाग ने आशु सिंह को गिरफ्तार कर लिया, वहीं बोलेरो गाड़ी सहित उसमें भरी शराब को भी जप्त कर मामला दर्ज कर लिया। गुरुवार को आबकारी द्वारा आसू सिंह को न्यायालय में पेश करने के बाद जमानत पर छोड़ दिया गया। वहीं दूसरी ओर घायल हुए सोहन सिंह की रिपोर्ट पर खुनखुना थाना पुलिस ने आसू सिंह के खिलाफ गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज किया है। वहीं हुकमाराम नामक एक व्यक्ति को भी शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था।



मान्यता के हिसाब से प्रदेश ही नहीं पूरे देश में दूसरे सबसे बड़े नवलगढ़ के लोक देवता बाबा रामदेवजी मंदिर में गुरुवार शाम रूप निवास पैलेस से 251 निशान पदयात्रा के साथ आए अलबेला नाम के घोड़े का मंदिर में तिलकार्चन कर स्वागत किया गया। इससे पहले नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने घोड़े की पूजा अर्चना कर रवाना किया। घोड़े ने मंदिर मंडप में धोक व फेरी लगाई। इसके बाद पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मंदिर पुजारियों की देखरेख में कामड़ परिवार के सदस्य रिछपाल कामड़ ने मंदिर में बाबा की ज्योत ली। ज्योत के साथ लक्खी मेला शुरू हुआ। बाबा रामदेव की ज्योत के दर्शन व घोड़े को देखने हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

# निकायों, पंचायतों और सहकारी समितियों के चुनाव एक साथ होंगे : अविनाश गहलोत

## पीएम के जन्मदिन पर प्रदेश में मनाया जाएगा रोजगार उत्सव : समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत

- अतिवृष्टि से हुए नुकसान के मामले पर अविनाश गहलोत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अक्टूबर से पहले गिरदावरी पूरी हो जाए

**झुंझुनूं, (निसं)।** आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस दिन को प्रदेश में रोजगार उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। यह जानकारी गुरूवार को झुंझुनूं में जिले के प्रभारी और राज्य के समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार के गठन के बाद जिन युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला है। उनके साथ पूरे प्रदेश में रोजगार उत्सव मनाया जाएगा। सभी जिलों के युवाओं से खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअली संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंत्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ जिला परिषद सभागार में बैठक की।

इस मौके पर उन्होंने बजट क्रियान्विति की समीक्षा की। इसके अलावा जिले के सरकारी भवनों के लिए तीन करोड़ रूपए के प्रस्तावों पर चर्चा करने के अलावा अतिवृष्टि से हुए नुकसान पर बात की। उन्होंने कहा कि जहां पर किसानों की फसल खराब हुई है या फिर सड़कें व सरकारी भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके प्रस्ताव सरकार को जल्द भिजवाएं, ताकि उनकी स्वीकृतियां जारी कर टैंडर करवाए जा सके। बारिश का मौसम जाने के साथ ही टूटी सड़कों और क्षतिग्रस्त हुए भवनों के मरम्मत का काम होगा। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि बारिश से खराब हुई सड़कों और भवनों की मरम्मत के लिए सरकार ने सुध लेते हुए इनका बजट जारी करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जिन कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण होना है वो भी कार्यक्रम करवाए जाए। मंत्री अविनाश गहलोत ने सीईटी परीक्षा के लिए झुंझुनूं में सेंटर ना बनाने को लेकर भी मामला दिखवाने और भविष्य में झुंझुनूं में सेंटर आए, इसके लिए आश्वस्त किया।

उन्होंने झुंझुनूं शहर में ड्रेनेज के लिए भी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर इसके समाधान के बारे में चर्चा करें। इससे पहले जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने उन्हें जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में प्रभारी मंत्री ने झुंझुनूं शहर में सीवरेज लाइन से घरों को जोड़ने के कार्य की भी प्रगति रिपोर्ट जानी। बैठक में एडीएम रामरतन सौंकरिया ने जानकारी दी कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महाविद्यालयों के लिए 3 करोड़ रुपए के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। प्रभारी मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह जिले में गर्ल्स सैनिक स्कूल और खेल विश्वविद्यालय के क्रियान्वयन के लिए भी प्रयासरत हैं। इस दौरान एसपी शरद चौधरी, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, बबलू चौधरी, डॉ. राजेश बाबल, भाजपा शहर अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री सुरजीत चौधरी आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार वन नेशन वन इलेक्शन की तर्ज पर वन स्टेट वन इलेक्शन का पूरा खाका प्रदेश में तैयार कर लिया गया है। निकायों, पंचायत राज और सहकारिता के चुनाव एक साथ करवाए जाएंगे, जिसके लिए जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होगा। नए जिलों को लेकर उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को घेरा और कहा कि रेवड़ियों की तरह जिले बनाए गए जिनकी जरूरत नहीं थी। वहां पर भी पॉलिटिकल माइलेज के लिए जिले बनाए गए। लेकिन ललित के. पंवार की अध्यक्षता में प्रशासनिक कमेटी और उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में मंत्रियों की कमेटी की रिपोर्ट आ गई है। रिव्यू चल रहा है। हमारा मानना है कि 15 से 20 लाख की आबादी का एक जिला होना चाहिए। आगे कितने जिले रहेंगे, इस बारे में भी जल्द ही सरकार फैसला लेगी।

प्रभारी मंत्री गहलोत ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान के मामले पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अक्टूबर से पहले गिरदावरी पूरी हो जाए। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार अपने क्षेत्र में कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम सेवक व पटवारी के आपसी समन्वय से कार्य करवाएं। बकौल अविनाश गहलोत किसानों को फसली बीमा का पूरा फायदा मिलना चाहिए।